भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 481
दिनांक 25 जुलाई, 2024

तमिलनाडु में खुदरा बिक्री केन्द्रों का विस्तार

†481. श्री जी.सेल्वम:
श्री सी.एन. अन्नादुरई:
श्री नवसकनी के. :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) का विचार तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में अपने खुदरा बिक्री केन्द्र (आरओ) नेटवर्क का विस्तार करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा कोई विशिष्ट कदम उठाए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में कितने नए पेट्रोल पंप स्थापित किए गए हैं; और

(घ) क्या सरकार ने वर्तमान विस्तार योजनाओं के अंतर्गत तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किए जाने वाले नए पेट्रोल पंपों की संख्या के लिए कोई विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ) सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) द्वारा खुदरा बिक्री केंद्र (आरओ) नेटवर्क (शहर/ग्रामीण क्षेत्र में) का विस्तार एक सतत प्रक्रिया है जो तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश भर में पर्याप्त मात्रा में मोटर ईंधनों जैसे पेट्रोल तथा डीजल की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करता है। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज द्वारा क्षेत्रीय और सर्वेक्षण व्यवहार्यता अध्ययनों के आधार पर निर्धारित स्थलों पर आरओज की स्थापना की जाती है । सरकार ने आरओज की स्थापना के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है।

दिनांक 30.06.2024 की स्थिति के अनुसार, पीएसयू ओएमसीज ने तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में 1,375 खुदरा बिक्री केन्द्रों की स्थापना की है। चालू वर्ष और पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में पीएसयू ओएमसीज द्वारा शुरू किए गए पट्रोल पंपों की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू किए गए खुदरा बिक्री केन्द्रों की संख्या
2021-22	90
2022-23	64
2023-24	46
2024-25 (अप्रैल-जून 2024)	18
योग	**218**

तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में नए शुरू किए गए और पहले से मौजूद पेट्रोल पंप, खपत केन्द्रों के पास पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराने में सहायक होंगे।

****